**NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL**

- Smt. Meenakshi Lekhi inaugurates Unani Dispensary at Mandir Marg

- National level AYUSH Centre to be setup at Sarojini Nagar

*New Delhi – June 1, 2016*

With the aim to provide Indian medicine systems to the residents of New Delhi area, a national level AYUSH Centre having Ayurvedic, Yoga, Unani, Siddha, Homeopathy and Naturopathy would be setup at Sarojini Nagar in New Delhi area by the New Delhi Municipal Council (NDMC) with the assistance of Central Government under National AYUSH Mission. The site for the centre has been identified and the foundation stone is to be laid shortly. This was disclosed by local Member of Parliament Smt.Meenakshi Lekhi while speaking after inaugurating Unani Medicine Dispensary of NDMC at Mandir Marg here today. The Chairperson, NDMC Shri Naresh Kumar presided.

Appreciating the efforts being made by the NDMC for extending preventive and curative health care facilities, Smt.Lekhi said that the Unani Dispensary will not only cater the needs of the residents of New Delhi like Valimiki Sadan, Gandhi Sadan, Central Government Residential Complexes Gole Market but the residents of the capital city specially Walled City may get the benefit of the medical facilities. She added that the Unani system of medicine is comparatively economical and effective than depend on western medicine system.

Congratulating the team NDMC, Smt Lekhi said that the Unani Dispensary has seen the light of the day with the sincere efforts, hardwork and a sense of dedication of its officials and all credit goes to them. Exhorting the doctors and the medical teams, she said that they should ensure the quality of medicine and better and modern health facilities to be extended to the patients.

"The sole purpose of Health Care Delivery unit the betterment of the patient and it does not matter if he gets it from one system of medicine or other. There are many diseases which respond better to alternative system of medicine like Ayurvedic, Naturopathy, Homeopathy and Unani. On some occasions, it is only the faith of the patient, which is actually working on his ailment. Keeping this in view, the NDMC has setup the Unani Dispensary at Mandir Marg todayand such dispensaries would be extended in other locations of the New Delhi area", the Chairman said. He informed that during the current financial year a state-of-art AYUSH Polyclinic would be housed at Mandir Marg.

Besides, the vice Chairperson, NDMC Shri Karan Singh Tanwar, MLA and Member of the Council, Shri Surender Singh and Council Member, Shri Abdul Rasheed Ansari, Secretary

cum Financial Advisor Smt. Geetali Tare and other Senior Officers and Doctors of NDMC were also present on this occasion.

----

Shehrawat

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

- ***श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने पालिका परिषद् की यूनानी डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया***
- ***राष्ट्रीय स्तर का आयुष केन्द्र सरोजिनी नगर में स्थापित किया जाएगा***

***नई दिल्ली 1 जून, 2016***

नई दिल्ली क्षेत्र के नागरिकों को भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की सुविधाएं उपलब्ध कराने क उद्देश्य नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर का आयुष केन्द्र सरोजिनी नगर में स्थापित किया जाएगा । इस केन्द्र में पंचकर्म एवं प्राकृतिक चिकित्सा सुविधा के अतिरिक्त आयुर्वेद, यूनानी, योग, सिद्धा और होम्योपेथी भी शामिल होगें और इसे केन्द्रीय सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन से आर्थिक सहायता प्राप्त होगी । इस आयुष केन्द्र की स्थापना के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है और जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा । यह जानकारी नई दिल्ली से सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने आज मंदिर मार्ग पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा स्थापित यूनानी डिस्पेंसरी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर बोलते हुए दी । समारोह की अध्यक्षता नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार ने की ।

नई दिल्ली के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए श्रीमती लेखी ने कहा कि इस यूनानी डिस्पेंसरी से न केवल नई दिल्ली क्षेत्र के वाल्मीकी सदन, गांधी सदन, गोल मार्किट स्थित केन्द्रीय सरकार के आवासीय परिसरों को ही लाभ मिलेगा बल्कि पुरानी दिल्ली के लोगों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा । उन्होने यह भी कहा कि अन्य पाश्चात्य आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अपेक्षा यूनानी पद्धति सस्ती और प्रभावकारी है ।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को बधाई देते हुए श्रीमती लेखी ने कहा कि आज यह यूनानी डिस्पेंसरी पालिका परिषद् के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सतत् प्रयासों, कडी लगन और मेहनत

तथा समर्पित भावना से ही स्थापित हुई है । पालिका परिषद् के डॉक्टरों और मेडिकल टीम को प्रोत्साहित करते हुई श्रीमती लेखी ने कहा कि वे रोगियों को अपनी सेवाएँ प्रदान करते हुए दवाईयों की गुणवत्ता और उनकी बेहतर देखभाल तथा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता की अवश्य सुनिश्चित करें।

''समस्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का एकमात्र प्रयोजन रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना होता है, इससे कोई फर्क नही पड़ता की उसे यह स्वास्थ्य लाभ किस पद्धति से प्रदान की जाए, अनेक बिमारियाँ ऐसी है, जिनका इलाज आयुर्वेद, प्राकृतिक-चिकित्सा, होम्योपेथी, यूनानी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों से बेहतर ढ़ग से किया जा सकता है । कई बार रोगी के उपचार में उसके विश्वास की अहम भूमिका होती है । इसी को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली नगर पालिक परिषद् ने एक यूनानी चिकित्सा पद्धति डिस्पेंसरी स्थापित की है और ऐसी डिस्पेंसरियाँ नई दिल्ली क्षेत्र के अन्य इलाको में खोली जाएगी '' - ये उद्गार पालिका परिषद् अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण के अवसर पर बोलते हुए व्यक्त किए । उन्होंने बताया कि चालू वित्तिय वर्ष के अन्तर्गत मंदिर मार्ग स्थित इस वित्तीय वर्ष यूनानी डिस्पेंसरी में आयुष पॉलोक्लिनीक भी स्थापित किया जाएगा जिसके लिए वित्तिय प्रावधान किया जा चुका है ।

इस अवसर पर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष श्री करण सिंह तंवर, विधायक एवं सदस्य श्री सुरेन्द्र सिंह, पालिका परिषद् सदस्य श्री अब्दुल राशिद अंसारी, सचिव एवं वित्तीय सलाहकार श्रीमती गीताली तारे तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों भी के साथ उपस्थित थें ।

-----------